न्यायालय जिला कलेक्टर, दौसा

पीठासीन अधिकारी :— कमर चौधरी
आई0ए0एस0

प्रार्थना पत्र सं0 05/2023

बैंक ऑफ बड़ौदा, मुख्य शाखा आगरा रोड, दौसा जरिये प्राधिकृत अधिकारी महेश गुप्ता

...प्रार्थी/सिक्योर केडिटर

बनाम

मैसर्स सेवन एग्रो प्रोपराईटर श्रीमती मीनाक्षी राजावत पत्नि श्री देवेन्द्र,

पताः (अ) लालसोट रोड बाईपास, रेल्वे ओवरब्रिज के पास, दौसा जिला दौसा राज0 303303

पताः (ब) प्लॉट नंबर एल—690, शिक्षक कॉलोनी, गुप्तेश्वर रोड, दौसा तहसील दौसा जिला दौसा राजस्थान—303303

पताः(स) 194, न्यू सांगानेर रोड, सुमेर नगर, राजावत फार्म के पीछे, मानसरोवर जयपुर राजस्थान—302020

....अप्रार्थी/ऋणी

श्री वीरेन्द्र सिंह भाटी पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह भाटी

पताः प्लॉट नंबर एल—690, शिक्षक कॉलोनी, गुप्तेश्वर रोड, दौसा तहसील दौसा जिला दौसा राजस्थान—303303

....गारन्टर

प्रा0 पत्र अ0धा0 14 वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम— 2002 बंधक संपत्ति का कब्जा सुपुर्दगी बाबत।

उपस्थित : श्री जगत सिंह, अधिवक्ता प्रार्थी।

आदेश

दिनांकः 30.06.2023

संक्षिप्त में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी बैंक ऑफ बडौदा, शाखा आगरा रोड, दौसा ने अप्रार्थी/ऋणी को 85,00,000/—(रूपये पिच्यासी लाख मात्र) की ऋण सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। ऋण सुविधा उपलब्ध कराते समय ऋणी/सह ऋणीगण द्वारा पुनः भुगतान हेतु जमानत प्रतिभूति के रूप में परिसम्पत्ति के रूप में हाईपोथिकेशन किया गया। अप्रार्थी ऋणी एवं सह ऋणीगण द्वारा बैंक का ऋण भुगतान करने में असफल रहने व समय पर ऋण राशि मय ब्याज अदा नही करने पर उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत अप्रार्थी ऋणी व सहऋणीगण को रजिस्टर्ड नोटिस जारी किये जाने एवं समाचार पत्रों के माध्यम से नोटिस जारी किये जाने के बावजूद ऋण राशि मय ब्याज भुगतान नही करने पर प्रार्थी अपने पास बतौर जमानत रहन रखी गयी सम्पत्ति का कब्जा [illegible] **The securitisation and reconstruction of financial assets and enforcement of the security interest act. 2002** [illegible] हेतु निवेदन किया है।

अधिवक्ता प्रार्थी बैंक ऑफ बडौदा, शाखा आगरा रोड, दौसा को सुना गया। हमने प्रार्थी बैंक ऑफ बडौदा, शाखा जयपुर रोड, दौसा द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं शपथ पत्र

Signature Not Verified
Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2023.07.28 12:59:53 IST
Reason: SelfAttested

.....निरंतर 2 पर

जिला कलेक्टर,दौसा

प्रार्थना पत्र सं0 05/2023

का अवलोकन किया। अप्रार्थी ऋणी द्वारा प्रार्थी बैंक ऑफ बडौदा, शाखा जयपुर रोड, दौसा को ऋण भुगतान करने में असफल रहने व समय पर ऋण राशि मय ब्याज अदा नही कर उक्त अधिनियम की धारा 13(2)के अन्तर्गत अप्रार्थी ऋणी को रजिस्टर्ड नोटिस एवं समाचार पत्रों के माध्यम से सूचित किये जाने के बावजूद ऋण राशि का शर्तो के मुताबिक भुगतान नहीं करने पर **The securitisation and reconstruction of financial assets and enforcement of the security interest act. 2002** की धारा 14 प्रदत्त शक्तियों के तहत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर प्रार्थना पत्र एवं शपथ पत्र के अनुसार बंधक रखी गई श्रीमती मीनाक्षी राजावत पत्नि श्री देवेन्द्र की खसरा नंबर 1888/2 प्लॉट नं0 4, (नगर परिषद दौसा द्वारा क्रमांकित) अक्षरधाम, लालसोट बाईपास रोड, दौसा तहसील दौसा जिला दौसा में स्थित आवासीय संपत्ति (बैंक में उपलब्ध रिकार्ड के अनुसार क्षेत्रफल 391.11 वर्गगज) तथा हाइपोथिकेटेड बोरोवर्स स्टॉक, बोथ प्रेजेंट एण्ड फ्यूचर, ऑल स्टोक्स ऑफ रॉ–मैटेरियल्स, वर्क इन प्रोसेस, सेमी–फिनिश्ड गुड्स एण्ड फिनिश्ड गुड्स, ऑल द प्रजेंट एण्ड फ्यूचर लिस्ट ऑफ बुक–डेब्ट्स, आउटस्टेण्डिंग, रिसीवेबल, सिक्योरिटीज, एसेसरीज प्लांट एण्ड मशीनरी एण्ड अदर मूवेबल्स, फर्नीचर, फीचर्स एण्ड फिटिंग्स इत्यादि (हाइपोथिकेशन एग्रीमेंट दिनांकित 01.06.2020 में विस्तृत रूप से परिभाषित) का भौतिक रूप से कब्जा प्रार्थी बैंक ऑफ बडौदा, शाखा आगरा रोड, दौसा को, किसी सक्षम न्यायालय का स्थगन आदेश प्रभावी नहीं हो तो, नियमानुसार आवश्यक होने पर पर्याप्त पुलिस बल पुलिस अधीक्षक, दौसा से प्राप्त कर कब्जा प्राप्त करने के आदेश दिये जाते है। पत्रावली फैसल शुमार हो एवं नम्बर से कम हो।

आदेश आज दिनांक 30 जून, 2023 को खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

(कमर चौधरी)
जिला कलेक्टर,दौसा

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2023.07.28 12:59:53 IST
Reason: SelfAttested